14/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने लोंगते उत्सव के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों, विशेषकर न्यीशी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि लोंगते प्रकृति के प्रति न्यीशी समुदाय की गहरी श्रद्धा और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार मानवता के कल्याण, भूमि की उर्वरता और पशुधन की प्रचुरता का प्रतीक है, साथ ही शांति और प्रगति का भी आह्वान करता है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना की है कि यह पवित्र त्योहार एकता के बंधन को मजबूत कर सदियों पुरानी परंपराओं को संरक्षित करने के साथ ही सभी के लिए समृद्धि, खुशी और सद्भाव लाए। इसके साथ हीं राज्यपाल ने राज्य के लोगों, विशेषकर ताई खामती और सिंगफो समुदायों को सांगकेन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उत्सव सभी के लिए शांति, खुशी और समृद्धि लाएगा।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने बोहाग बिहू के अवसर पर राज्य वासियों एवं राज्य की ओर से असम के लोगों को भी शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह उत्सव दोनो राज्यों के आपसी संबंधों को मजबूत करेगा, सद्भाव को बढ़ावा देगा और सभी के लिए प्रगति लाएगा। राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना की है कि बिहू का यह उत्सव सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशी लाए।

0000000000000000000

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के उपलक्ष्य में आज राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग एवं स्वदेशी मामलों के विभाग द्वारा नाहरलगुन में एक नए फायर स्टेशन भवन का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर गृह मंत्री ने लोगों से सार्वजनिक संपत्ति का स्वामित्व लेने की अपील की। उन्होंने विवेकपूर्ण तरीके से काम करने के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की भी सराहना की। इसके अतिरिक्त, आज अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग द्वारा 10 मोटरसाइकिलों के साथ 8 फायर टेंडर को हरी झंडी दिखाई गई। दूरदर्शन से बात करते हुए, एसपी, फायर एण्ड इमरजेंसी सर्विस, जॉन पादा ने कहा कि 8 नए फायर टेंडर राज्य भर के विभिन्न फायर स्टेशनों पर भेजे गए हैं और 10 मोटरसाइकिलें विभिन्न जिलों के संबंधित फायर स्टेशनों में भेजी गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य भर में कुल 24 फायर स्टेशन कार्यरत हैं।

000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी अरुणाचल प्रदेश द्वारा भी ईटानगर स्थित राज्य भाजपा कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए राज्य के शिक्षा, पर्यटन, आरडब्ल्यूडी एवं अन्य विभागों के मंत्री पी.डी. सोना ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती समारोह के आयोजन के लिए राज्य भाजपा की सराहना की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कालिंग मोयोंग ने अपने अध्यक्षीय भाषण में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान-2025 के उद्देश्यों और महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह अभियान 14 अप्रैल से 25 अप्रैल तक पूरे राज्य में सभी 28 जिलों, अठहत्तर मंडलों और बूथ स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

0000000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत रविवार को लोअर बोरूम एरिया एवं उसके आसपास संदिग्ध ड्रग तस्करों के बारे में प्राप्त विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, इंस्पेक्टर तोरुम माई के नेतृत्व में पापू हिल्स पुलिस ने निरजुली के तहत लेखी में दो संदिग्धों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से लगभग 10.59 ग्राम वजन की संदिग्ध हेरोइन की 08 शीशियां जब्त कीं। संदिग्धों के खिलाफ़ एनडीपीएस अधिनियम के तहत पापू हिल्स पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। आपूर्ति के स्रोत और नेटवर्क की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस बीच, नाहरलगुन के पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने पापू हिल्स पुलिस टीम की समय पर और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने दोहराया कि ऑपरेशन डॉन 2.0 जीरो टॉलरेंस के साथ ड्रग नेटवर्क और अपराधियों को निशाना बनाना जारी रखेगा।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, कामले, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, नामसाई और अंजाव जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

000000000000000000

थेरावदा बौद्ध समुदाय द्वारा आज विवेक विहार, ईटानगर में सांगकेन समारोह का आयोजन कर नए साल की शुरुआत की। परंपरा और आध्यात्मिकता से परिपुर्ण तीन दिवसीय उत्सव में सभी की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। इस उत्सव के तहत लोग एक-दूसरे पर पानी डालते है, जो शुद्धिकरण, सद्भावना और पिछले बुरे कर्मों को धोने का एक प्रतीकात्मक कार्य होता है। सांगकेन बौद्ध नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है और इसे प्रतीकात्मक अनुष्ठानों और प्रार्थनाओं के साथ मनाया जाता है।

0000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय (आरजीयू) के पॉलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट द्वारा आज अंबेडकर जयंती के अवसर पर **“अंबेडकर्ज वर्ल्ड: ड पर्सुइत ऑफ़ जसटिस थ्रो स्ट्रगल, आइडेंटिटी एण्ड एमपावर्मेंट”** विषय पर एक ऑनलाइन वार्ता आयोजित की। सभा को संबोधित करते हुए प्रोफेसर नानी बाथ ने आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा के लिए अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला, खासकर पूर्वोत्तर भारत के संदर्भ में। वेबिनार में आरजीयू के अंग्रेजी विभाग के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रचंड नारायण पिराजी ने भाग लिया।

0000000000000000000000